आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21 मई 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ऑपरेशन सिंदूर के बाद कल अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचे। कहा–बड़ी संख्या में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने में सफल रही भारतीय सेना।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कासगंज में 724 करोड़ रुपये की 60 विकास परियोजनाओं का किया शुभारम्भ : कहा–अयोध्या और मथुरा की तरह ही होगा सोरों का विकास।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राजस्थान के बिकानेर से करेंगे प्रदेश के उन्नीस स्टेशनों सहित एक सौ तीन अमृत भारत स्टेशनों का उद्‌घाटन।
- सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायिक सेवा में प्रदेश स्तर के पदों पर आवेदन के लिए अधिवक्ता के रूप में न्यूनतम तीन वर्ष के अनुभव को फिर से किया अनिवार्य।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिन्दूर के जरिए भारतीय सेना पाकिस्तान में बडी संख्या में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने में सफल रही है। लखनऊ में एक निजी कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने यह बात कही।

**भारतीय सेनाओं ने भी बड़ी सटीकता के साथ आतंकवाद की जड़ों पर अपने हथियारों का इस्तेमाल किया है। मगर जैसा कि पाकिस्तान की आदत है कि जल्दी वह मानता नहीं है। उसने भारत की जमीन पर हमले करने की प्रयास करने प्रारंभ किए। आम नागरिकों को भी निशाना बनाने का प्रयास किया। मंदिर, गुरूद्वारों और गिरजाघरों को निशाना बनाया गया। उसके जवाब में भारतीय सेनाओं ने जो कार्रवाई की है, उसमें पाकिस्तान की कौम को घूटनों पर लाकर खड़ा कर दिया।**

इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के स्वाभिमान और नारी शक्ति का प्रतीक है। इससे पहले रक्षा मंत्री का लखनऊ एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत हुआ। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार लखनऊ पहुंचे रक्षामंत्री, अमौसी से नादरगंज तक निकली तिरंगा यात्रा में भी शामिल हुए।

**********

ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति से दुनिया को अवगत कराने के लिए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का पहला दल आज चार देशों की यात्रा पर रवाना होगा। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो और सियरा लियोन का दौरा करेगा। श्री शिंदे ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को कैसे बढावा दे रहा है इसकी जानकारी पूरे विश्व को दी जाएगी।

इस बीच, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कल नई दिल्ली में संसद भवन में प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों के साथ बैठक की। एक रिपोर्ट–

**पाकिस्तान के नापाक इरादों और भारत के सफल आतंकवाद विरोधी अभियान के बारे में अंतरराष्ट्रीय समुदायों तक अपनी बात पहुंचाने के प्रयासों के तहत सात बहुपक्षीय प्रतिनिधि मंडलों में से एक प्रतिनिधिमंडल सबसे पहले यूएई समेत पश्चिमी अफ्रीकी देशों के चार देशों के दौरे पर रवाना होगा। आने वाले दिनों में अन्य 6 प्रतिनिधिमंडल भी अपने दौरे की शुरुआत करेंगे। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रूख को पेश करने के लिए यह प्रतिनिधिमंडल अगले महीने की 5 तारीख तक कुल 32 देशों का दौरा करेंगे। दिवाकर के साथ भूपेंद्र सिंह आकाशवाणी समाचार दिल्ली**

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच, पूरा देश जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार भी सशस्त्र बलों के सम्मान में एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। इसी कड़ी में, हम परमवीर–चक्र विजेता मेजर नायब सूबेदार बाना सिंह के अदम्य साहस का स्मरण कर रहे हैं।

**जम्मू जिले के निवासी, नायब सूबेदार बाना सिंह, जनवरी 1969 में आठ जम्मू–कश्मीर लाइट इन्फेन्ट्री में भर्ती हुए थे। जून 1987 में आठ जम्मू–कश्मीर लाइट इन्फेन्ट्री को सियाचिन क्षेत्र में तैनात किया गया था। बड़ी संख्या में पाकिस्तानी घुसपैठिये इस इलाके में घुस आए थे। इन घुसपैठियों को खदेड़ना जरूरी था और इसके लिए एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया। नायब सूबेदार बाना सिंह ने स्वेच्छा से फोर्स में शामिल होने की पेशकश की। पाकिस्तानी घुसपैठ छह हजार पांच सौ मीटर की ऊंचाई पर हुई थी। यह जगह वस्तुतरू एक अवैध ग्लेशियर किला थी, जिसके दोनों ओर चार सौ 57 मीटर ऊंची बर्फ की दिवारें थी। नायब सूबेदार बाना सिंह अपनी टीम के साथ बेहद मुश्किल और खतरनाक रास्ते से उस जगह पहुंचते हुए, दुश्मन पर हमला किया और उसे घेर लिया। हथ गोले फेंकते**

**हुए, हमला करते हुए, उन्होंने सभी घुपैठियों को खदेड़ दिया। उन्होंने अपने अदम्य साहस और नेतृत्व से अपनी टीम को प्रेरित किया। प्रतिकूल परिस्थितियों में असाधारण वीरता और नेतृत्व के लिए नायब सूबेदार बाना सिंह को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उनकी बहादूरी को सलाम करता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल कासगंज में सात सौ चौबीस करोड़ रुपये की साठ विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जैसे अयोध्या, मथुरा और वृंदावन का विकास हो रहा है, वैसे ही कासगंज के तीर्थस्थल सोरों का भी विकास होगा।

**विकास ऐसे ही बढ़ता है। शो का पर्यटन विकास होगा। पर्यटन विकास के माध्यम से जैसे अयोध्या का विकास हुआ है। जैसे मथुरा वृंदावन के समग्र विकास की एक बड़ी कार्य योजना को लेकर के हम आगे बढ़े हैं। ऐसे ही सोरों के विकास के कार्यक्रम को लेकर के भी हम आगे बढ़ेंगे। इसके माध्यम से कासगंज का विकास होगा।**

मुख्यमंत्री ने कासगंज में मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय की आधारशिला रखी। उन्होंने आगरा जोन द्वारा संचालित ऑपरेशन जागृति को स्मार्ट पुसिलिंग अवॉर्ड वुमेन सेफ्टी दो हजार पचीस से भी पुरस्कृत किया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राजस्थान के बीकानेर से प्रदेश के उन्नीस स्टेशनों समेत एक सौ तीन अमृत भारत स्टेशनों का उद्‌घाटन करेंगे। इन उन्नीस स्टेशनों में उत्तर रेलवे के बिजनौर, सहारनपुर, उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज का करछना, कानपुर का गोविंदपुरी, पुखरायां, आगरा में ईदगाह जंक्शन, फतेहाबाद और गोवर्धन शामिल हैं। साथ ही उत्तर पूर्व रेलवे के मैलानी, गोंडा के स्वामी नारायण छपिया, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, गोला गोकर्ण नाथ स्टेशन, रामघाट हाल्ट, थावे, इज्जतनगर, बरेली सिटी, उझानी और हाथरस सिटी स्टेशन का भी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कल उद्‌घाटन किया जायेगा।

**********

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कल कुशीनगर जिले में लगभग एक सौ दस करोड़ रुपये की लागत से पांच फ्लाई ओवर का शिलान्यास किया। इससे पहले उन्होंने भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण मन्दिर में तथागत भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर चीवर चढ़ाया और विश्व शांति की कामना की।

**********

प्रदेश सरकार ने कल देर रात चौदह आईएएस अफसरों का स्थानांतरण कर दिया। इस स्थानानंतरण प्रक्रिया में कई जिलों के जिलाधिकारी बदल दिये गये हैं। मंगला प्रसाद सिंह को जिलाधिकारी हरदोई से जिलाधिकारी बलिया बनाया गया है। अनुनय झा हरदोई के जिलाधिकारी बनाए गये है। वह महराजगंज में जिलाधिकारी के पद पर तैनात थे। इसके अलावा अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के सीईओ और नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा को जिलाधिकारी महाराजगंज की जिम्मेदारी दी गयी है। ज्ञानेन्द्र सिंह पीलीभीत के जिलाधिकारी बनाये गये है।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायिक सेवा में प्रवेश स्तर के पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए अधिवक्ता के रूप में न्यूनतम तीन वर्ष के अनुभव को फिर से अनिवार्य बना दिया है। अनुभव की अवधि की गणना उम्मीदवार के अधिवक्ता के रूप में प्रोविजनल रूप से पंजीकृत होने की तारीख से की जा सकती है। अनुभव की यह अनिवार्य योग्यता कल की तिथि से पहले उच्च न्यायालयों द्वारा शुरू की जा चुकी भर्ती प्रक्रिया पर लागू नहीं होगी।

**********

गोरखपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में बादल छाये रहने और कुछ स्थानों पर आंधी के बाद और गरज चमक के साथ वर्षा होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। कुछ स्थानों पर तेज आंधी और बिजली गिरने के चलते जन–धन के नुकसान की भी खबर है। पीलीभीत में बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई है। आज भी तड़के से ही बादल छाये हुए हैं और मध्यम से लेकर तेज हवा चल रही है। मौसम विभाग के अनुसार बादलों के छाये रहने और कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ वर्षा होने की वायुमण्डलीय परिस्थितियां बनी हुई हैं। इससे अगले दो से तीन दिन तक पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में कुछ स्थानों पर रूक–रूक कर वर्षा होने की संभावना बनी हुई हैं।

**********